प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के अन्तर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन

पंतनगर। 17 फरवरी 2026। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग द्वारा स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का मुख्य विषय 'महिलाओं और एससी/एसटी वर्ग के लिए एमएसएमई की फंडिंग योजनाएं' था। स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के तहत छात्र अपने पाठ्यक्रम में कई बेहतरीन उत्पाद तैयार करते है, जिसमें परिधान एवं वस्त्र, डिजाइनिंग, इवेंट मेनेजमेंन्ट, पोस्टर मेंकिग, न्यूज राइटिंग और विभिन्न प्रकार के पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल हैं। अकसर छात्रों के मन में यह सवाल रहता है कि इन कौशलों के साथ भविष्य में आगे क्या कर सकते हैं तथा स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के अंतर्गत छात्रों को उनके द्वारा विकसित किए जा रहे उत्पादों को व्यावसायिक स्तर पर ले जाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस जिज्ञासा के उत्तर के लिए महाविद्यालय ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक श्री दीपक कपरी और प्रबंधक शाखा श्री सचिन कुमार द्वारा बैंक की स्किल व योजनाओं के बारे में छात्रों को बताया। विशेषज्ञों ने छात्रों को विस्तार से समझाया कि वे अपने इन छोटे–छोटे प्रोजेक्ट को एमएसएमई के तहत एक सफल स्टार्टअप या बिजनेस का रूप दे सकते है। विशषज्ञों ने छात्रों को अपने उद्यम आरम्भ करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋणयोजनाओं व वित्तीय सहायता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कैसे युवा उद्यमी विशेषकर महिलाएं और आरक्षित वर्ग के छात्र इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकते है। इस कार्यक्रम में अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल की विशेष उपस्थिति ने छात्रों का उत्साह बढाया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हए उनका उत्साहवर्धन किया और भविष्य में उद्यमिता के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर विभाग कि अध्यक्षा डा. मनीषा गहलौत सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे, जिसमें डा. सीमा क्वात्रा, डा. अनुपमा पाण्डेय, डा. अर्चना कुशवाहा, डा. ऋतु सिंह उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा. मनीषा गहलौत, प्रध्यापिका, डा. अनीता रानी और सहायक प्रध्यापिका, डा. शेफाली मैसी के नेतृत्व में किया गया ।

इस वेबिनार में छात्रों ने बढ–चढकर प्रतिभाग किया और विशेषज्ञों द्वारा छात्रों के प्रश्नों का जबाब दिया गया। इस सत्र ने विद्यार्थियों ने केवल सैद्धांतिक ज्ञान दिया बल्कि व्यवसायिक दुनिया में कदम रखने के लिए प्रेरित किया। सभी वक्ताओं और आयोजकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना कीं।